आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 20.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- सर्वोच्च न्यायालय ने चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया।
- प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र कल से ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में आहूत किया जाएगा। सत्र की तैयारियां पूरी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश में चारधाम यात्रा का संचालन जल्द ही यात्रा प्राधिकरण के माध्यम से किया जाएगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्राकृतिक आपदाओं में जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए देश की पूर्वानुमान प्रणाली को सरल और सटीक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में 24 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। ये कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे।

देशभर के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों के असुरक्षित कामकाजी माहौल पर चिन्ता व्यक्त करते हुए न्यायालय ने कहा कि वर्तमान कानून डॉक्टरों की सांस्थानिक सुरक्षा को सही प्रकार से व्यक्त नहीं करते हैं। न्यायालय ने ये भी कहा कि उसने वर्गीकृत मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कोलकाता के आरजी कर मेडिकल अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में स्वत संज्ञान लिया है। न्यायालय ने कहा कि देश जमीनी बदलाव के लिए एक और दुष्कर्म तथा हत्या का इंतजार नहीं कर सकता।

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र कल से ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में आहूत किया जाएगा। सत्र में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत सभी मंत्री और विधानसभा सदस्य गैरसैंण पहुंच गए हैं। चमोली से हमारे संवाददाता ने बताया कि 23 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विधानसभा भवन के 100 मीटर के दायरे में धारा–144 लागू कर दी गई है। सरकार इस सत्र में अनुपूरक बजट के साथ ही कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश कर सकती है। सुरक्षा के मद्देनजर गढ़वाल मंडल के पुलिस महानिरीक्षक करण सिंह नगन्याल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को विधानसभा सत्र के दौरान सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। गैरसैंण मार्ग के साथ मेहलचौरी में सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

विधानसभा के मानसून सत्र की कम अवधि को लेकर कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकार ने जनहित के मुद्दों से बचने के लिए सदन की अवधि सीमित की है। काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि विधानसभा सत्र के लिए सरकार की तैयारी पूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के सवालों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## 17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी – एन.ए.ए.एस, राज्य में पहली बार उधमसिंह नगर के पंतनगर में 17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस और एक्सपो का आयोजन करेगी। 20 से 22 फरवरी तक आयोजित होने वाला ये कृषि महाकुंभ विकसित भारत के लिए कृषि में अग्रणी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विषय पर केंद्रित होगा। पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने ये जानकारी दी। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान कांग्रेस का उद्देश्य दुनिया भर के प्रमुख शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों, किसानों और उद्यमियों को कृषि–खाद्य प्रणालियों के सभी पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

गौरतलब है कि कृषि विज्ञान कांग्रेस और एक्सपो के लिये पंजीकरण 15 अगस्त से शुरू हो चुके है।

## सीएम ऑन यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में चारधाम यात्रा का संचालन जल्द ही यात्रा प्राधिकरण के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में आयोजित कार्यक्रम को देहरादून से वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यात्रा में हरिद्वार, ऋषिकेश और चारधाम में पंजीकरण के साथ ही अन्य संभावित स्थानों पर पंजीकरण का विकल्प मौजूद रहेगा। श्री धामी ने कहा कि सरकार ने यात्रा में संख्या की बाध्यता को पूरी तरह से खत्म कर दी है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ या किसी दूसरे धाम के नाम पर देश में कहीं भी कोई अन्य मंदिर नहीं बनेगा। केदारघाटी आपदा पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही घाटी में क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा और पैदल यात्रा फिर से शुरू कर दी जाएगी।

## राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्राकृतिक आपदाओं के कारण मृतकों की संख्या कम करने के लिए देश की पूर्वानुमान प्रणाली को सरल और अधिक सटीक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आज राष्ट्रीय–भू–विज्ञान पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि सभी भूस्खलन संभावित राज्यों में पूर्व चेतावनी देने वाले बुलेटिन जारी करने के लिए राष्ट्रीय भूस्खलन पूर्वानुमान केंद्र कोलकाता में स्थापित किया जा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए खनिज उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने 12 श्रेणियों में 21 भू–वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय भू–विज्ञान पुरस्कार प्रदान किए। इन पुरस्कारों का उद्देश्य भू–विज्ञान–खनिज अनुसंधान और अन्वेषण, खनन प्रौद्योगिकी तथा खनिज के लाभ और मौलिक भू–विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों तथा महत्वपूर्ण योगदान के लिए वैज्ञानिकों के दल और एक व्यक्ति को सम्मानित करना है।

## हरि्द्वार कॉरिडोर बैठक

हरिद्वार कॉरिडोर के निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आज हरिद्वार के उप जिलाधिकारी अजयवीर सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान ने हरिद्वार कॉरिडोर को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने हरिद्वार कॉरिडोर को लेकर अफवाह फैलाने वालों से दूर रहने और किसी भी तरह की अफवाह न फैलाने को कहा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ बैठक करने का उद्देश्य कॉरिडोर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है।

बाल आयोग

राजधानी देहरादून के आईएसबीटी परिसर में परिवहन निगम की बस में एक नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना की बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सामाजिक ऑडिट की जरूरत है। गौरतलब है कि आईएसबीटी परिसर में एक नाबालिग बच्ची के साथ परिवहन विभाग के पांच कर्मियों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

सद्भावना दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को आज प्रदेशभर में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। सद्भावना दिवस को मनाने का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को बनाये रखना है। इस मौके पर राज्य के विकास भवन, पुलिस कार्यालय, तहसीलों, खण्ड विकास कार्यालयों सहित जिले के अन्य कार्यालयों में कर्मचारियों ने आपसी सौहार्द बनाए रखने की शपथ ली। वहीं चम्पावत जिला कार्यालय में अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा ने अधिकारियों और कार्मिकों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने धर्म, भाषा और क्षेत्र के लोगों में राष्ट्रीय एकीकरण और सांप्रदायिक सौहार्द का संवर्धन की शपथ ली।

बाल पुस्तकालय

देहरादून स्थित दून पुस्तकालय और शोध केंद्र में बच्चों के लिए बाल अनुभाग की शुरुआत की गयी है। कार्यक्रम सहयोगी चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि बाल पुस्तकालय में बच्चों के साहित्य का व्यापक संग्रह किया जा रहा है। पुस्तकालय में वर्तमान में हिंदी, अंग्रेजी भाषा के साथ ही गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी बोलियों में प्रकाशित करीब एक हजार बाल साहित्य का संग्रह है। उन्होंने बच्चों में किताबों के प्रति प्रेम पैदा करने के साथ ही कहानी सुनाने, फिल्म दिखाने और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को लगातार प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। बाल पुस्तकालय सप्ताह में शुक्रवार और शनिवार को खुला रहेगा।

मौसम

कुमाऊं मंडल के चंपावत और बागेश्वर में सुबह से रुकरुक कर बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश से कुमाऊं मंडल में नदी—नाले उफान पर हैं। वहीं, देहरादून समेत राज्य के अन्य जिलों में बादल छाए हुए हैं, जबकि कहीं—कहीं बूंदाबांदी हो रही है। बारिश और भूस्खलन से राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में लगभग 1 सौ 50 मोटर मार्ग अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने आज बागेश्वर में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है, जबकि राज्य के अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम पूर्वानुमान के अनसार प्रदेश में अगले पांच दिन बारिश के आसार बने हुए हैं।